अखिल बिस्व यह मोर उपाया । सब पर मोहि बराबरि दाया ।।
सब मम प्रिय सब मम उपजाए । सब ते अधिक मनुज मोहि भाए ।।

सांध्य दैनिक

| Ram Katha 940 – मानस वसुधैवकुटुम्बकम || New Yark(UNO) अमेरिका || ❋मोरारी बापू

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 21 | इंदौर, गुरुवार 01 अगस्त, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए


## एसपी की स्पेशल टीम ने नामचीन सटोरिए के अड्डे पर मारा छापा, दो बोरा चिल्लर सहित लाखों की नकदी जब्त



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**दमोह।** दमोह एसपी श्रुत कीर्ति सोमवंशी की स्पेशल टीम ने जिला मुख्यालय से 40 किमी दूर हटा के नामचीन सटोरियों के अड्डे पर बुधवार शाम दबिश दी। इसमें दो बोरा चिल्लर सहित पांच लाख रुपए नगद जब्त किए गए। टीम ने 26 लोगों को गिरफ्तार किया है। हटा पुलिस को इस कार्रवाई की भनक नहीं लगी और मुखबिर से सूचना मिलने पर एसपी सोमवंशी ने दमोह से सिविल ड्रेस में फोर्स भेजकर कार्रवाई कराई।

बता दें कि दमोह से पहुंची टीम ने हटा के चंडी जी मंदिर के पास, राय चौराहा और संजय वार्ड हटा में बजरिया मुख्य मार्ग पर सटोरियों के अड्डों पर एक साथ छापा मारा। इसमें संजय वार्ड के नामचीन सटोरिया करिया गुड्डा के घर को घेर कर छापा मारा तो घर के भीतर सट्टा के नंबर लगाते 26 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया। मुख्य मार्ग पर निजी वाहनों से सिविल में पहुंचे पुलिस कर्मियों ने सभी को पकड़कर वाहनों में बैठाकर हटा पुलिस थाने रवाना किया। छापामार कार्रवाई की सूचना से हटा में पदस्थ पुलिस कर्मी भी रेड करने वाली टीम की जानकारी जुटाने में लग गए। टीम को आरोपी करिया गुड्डा के घर बड़ी मात्रा में चिल्लर और और छोटे बड़े नोट मिले। जिन्हें बोरो में भरकर पुलिस थाने लाई। चिल्लर गिनने की जगह वजन के लिए बाजार से तौल मशीन बुलाई गई। पुलिस ने तीन बाइक्सं और 25 से अधिक मोबाइल भी भी जब्त किए। जब सटोरियों को पुलिस वाहनों से थाना लाया जा रहा था तो सड़क पर लोगों का हुजूम बाजार में लगा रहा। इसके अलावा चंडी जी मंदिर के पास राकेश राय, राय चौराहा के पास रिंकू वर्मन के अड्डों से भी सटोरियों को पकड़ा। जबकि अन्य छुटपुट सटोरिया भाग निकले।

## एमपी में जुलाई में 7 साल में दूसरी सबसे ज्यादा बारिश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। इस सीजन जुलाई में मध्यप्रदेश में मानसून खूब बरसा। जुलाई के 31 दिन में 14.27 इंच बारिश हुई। यह कोटे से 1.78 इंच ज्यादा है। यानी 14% ज्यादा पानी गिर गया। 7 साल में ऐसा दूसरी बार हुआ, जब जुलाई में इतना पानी गिरा है। भोपाल और जबलपुर में सामान्य से 5 इंच ज्यादा बारिश हुई। पिछले साल के मुकाबले 33 जिलों में ज्यादा पानी गिरा है।**

हालांकि, इंदौर और उज्जैन जैसे कई बड़े शहर पिछड़े भी हैं। लेकिन, मौसम विभाग की मानें तो अगस्त में अच्छी बारिश के आसार हैं। अगस्त में कोटा पूरा हो सकता है।

### 21 जून को एंटर हुआ था मानसून

एमपी में 15 जून तक मानसून दस्तक दे देता है। अब की बार यह 21 जून को आया और 7 दिन में ही (27 जून तक) पूरे प्रदेश में छा गया। इससे पहले प्री-मानसून भी एक्टिव रहा। जून में भी कोटे के बराबर बारिश हुई थी, लेकिन जुलाई में कोटे से ज्यादा पानी गिर गया। जुलाई में बारिश का आंकड़ा 12.49 इंच है। पूरे सीजन में एमपी में 37.3 इंच औसत बारिश मानी जाती है।

# टीवी मोबाइल से रोका तो बच्चों ने माता पिता पर केस दर्ज करवा दिया

# 7 साल की सजा संभव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** इंदौर में बच्चों ने माता पिता पर केस दर्ज करवा दिया। केस भी ऐसा कि उसमें सात साल तक की सजा हो सकती है। बच्चों ने इसलिए ऐसा किया क्योंकि माता पिता उन्हें टीवी और मोबाइल नहीं देखने देते थे। नाराज 21 साल की बेटी और 8 साल के बेटे ने थाने पहुंचकर माता पिता दोनों के खिलाफ शिकायत दर्ज करा दी। पुलिस ने पैरेंट्स के खिलाफ चालान भी पेश कर दिया है। मामला चंदन नगर थाने का है।



अधिवक्ता धर्मेंद्र चौधरी ने बताया कि माता-पिता ने हाईकोर्ट में इस केस में चुनौती दी है। हाईकोर्ट ने सुनवाई के बाद जिला कोर्ट में माता-पिता के खिलाफ शुरू किए गए ट्रायल पर अंतरिम रोक लगा दी है। चौधरी के मुताबिक, हाई कोर्ट में दायर की गई याचिका में उल्लेख किया गया कि 25 अक्टूबर 2021 को बच्चे थाने पहुंचे और पुलिस अफसरों को माता-पिता के द्वारा मोबाइल देखने, टीवी चलाने पर रोज-रोज डांटने की बात बताई। इस पर पुलिस ने परिजन के खिलाफ जुवेनाइल जस्टिस एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया। बच्चों ने पुलिस को बताया कि माता-पिता कई बार उनसे मारपीट भी करते थे। माता-पिता ने पुलिस थाने और कोर्ट में बार-बार कहा कि बच्चों की मोबाइल, टीवी की लत से हर घर परेशान है। बच्चों को डांटना बहुत ही सामान्य बात है। अब एफआईआर दर्ज कराने के बाद से ही दोनों बच्चे बुआ के साथ रह रहे हैं। पिता का भी अपनी बहन के साथ विवाद चल रहा है। बच्चों की शिकायत पर पुलिस ने पैरेंट्स पर धारा 342, धारा 294, धारा 323 लगाई है।

# गोदरेज कंपनी ने इंदौर में खरीदी 46 एकड़ जमीन

## ◆ इंदौर-उज्जैन रोड पर लाएगी टाउनशिप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। गोदरेज प्रॉपर्टीज लिमिटेड ने इंदौर के रियल इस्टेट सेक्टर में निवेश के लिए दिलचस्पी दिखाई है। कंपनी ने एक किसान से 46 एकड़ जमीन खरीदी है। कंपनी यहां एक आवासीय व कर्मशियल टाउनशिप लाएगी।**

कंपनी ने सेबी को भी इस प्रोजेक्ट की जानकारी दी है। कंपनी का मध्य प्रदेश में रीयल इस्टेट सेक्टर में यह पहला निवेश है। प्रोजेक्ट तीन साल में बनकर तैयार होगा। कंपनी अब तक इस तरह के प्रोजेक्ट दिल्ली-एनसीआर, मुंबई, पुणे और बेंगलरु में ला चुकी है।

पिछले माह मुख्यमंत्री मोहन यादव ने मुंबई में उद्योगपतियों से मुलाकात की थी। तब गोदरेज कंपनी के अफसरों से इस प्रोजेक्ट को लेकर भी चर्चा हुई थी। कंपनी प्रदेश के अन्य शहरों में भी इस तरह के प्रोजेक्ट ला सकती है।



### उज्जैन मार्ग पर ज्यादा निवेश

इंदौर के दक्षिणी पश्चिमी हिस्से में अब रियल इस्टेट सेक्टर में तेजी आई है। इंदौर-उज्जैन रोड को लोक निर्माण विभाग छह लेन बना रहा है। इसके अलावा इंदौर विकास प्राधिकरण यहां 15 किलोमीटर लंबा अहिल्या पथ बना रहा है।

राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण पश्चिमी बायापास भी बना रहा है। इस वजह से कई कंपनियां इस क्षेत्र में निवेश में रूचि ले रही है। ओमेक्स कंपनी ने भी इंदौर और उज्जैन में दो नए प्रोजेक्ट ला रही है। इस मार्ग पर प्रदेश का पहला डबल डेकर ब्रिज भी बन रहा है।

पंचायतराज प्रशिक्षण केंद्र पहुंचे मंत्री प्रहलाद पटेल

# व्यवस्थाओं को सुधारने और प्रशिक्षण के अनुकूल वातावरण बनाने के दिये निर्देश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। प्रदेश के ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री प्रहलाद पटेल ने ग्रामीण विकास विभाग के इंजीनियर और अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि वह अपने कार्यों में तकनीकी के साथ व्यवहारिक दृष्टिकोण अपनाते हुये ग्रामीण विकास के कार्यों को नई गति एवं नई दिशा दे। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास से जुड़े सभी अधिकारी एवं इंजीनियर पूर्ण जवाबदेही एवं गंभीरता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। वे अपने कार्यों से लोगों का भरोसा भी हासिल करें।**

मंत्री पटेल आज इंदौर में क्षेत्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायतराज प्रशिक्षण केंन्द्र में आयोजित ग्रामीण विकास विभाग के इंजीनियरों और अधिकारियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से चर्चा की एवं उनके अनुभव सुने। पटेल ने कहा कि जीवन में प्रशिक्षण का विशेष महत्व है। नई जानकारी, नई तकनीक एवं



नई विधा सीखने को मिलती है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त कर सभी लोग समन्वित प्रयास कर ग्रामीण विकास को नई दिशा दे। मंत्री प्रहलाद पटेल राऊ में स्थित पंचायत सचिव प्रशिक्षण केन्द्र का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षण केन्द्र की व्यवस्थाओं को सुधारने और प्रशिक्षण के अनुकूल वातावरण बनाने के निर्देश दिये। पटेल आज अपने इंदौर भ्रमण के दौरान सीधे राऊ स्थित पंचायत सचिव प्रशिक्षण केन्द्र पहुंचे। यहां उन्होंने केन्द्र की व्यवस्थाओं को देखा। उन्होंने व्यवस्थाओं में कमियां पाये जाने पर असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने केन्द्र में अत्याधुनिक सुविधा नहीं होने, प्रशिक्षण कमरों में सीलन और परिसर में अस्वच्छता होने पर अप्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने मौके पर उपस्थित केंन्द्र की प्रभारी उपायुक्त विकास यशोधरा कनेश को निर्देश दिए कि व्यवस्थाओं को शीघ्र सुधारा जाये। वातावरण प्रशिक्षण के अनुकूल बनाए। प्रशिक्षण केन्द्र को अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त करें।

## एमए पेपर में आउट ऑफ सिलेबस सवालों की जांच होगी

### इंदौर में स्टूडेंट्स की शिकायत के बाद जांच के लिए मामला परीक्षा समिति को सौंपा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। इंदौर में देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी की एमए इंग्लिश लिटरेचर चौथे सेमेस्टर के अमेरिकन लिटरेचर पेपर में 50 अंक के सवाल पुराने सिलेबस से पूछे गए हैं। 26 जुलाई को पेपर हुआ था। स्टूडेंट्स ने इसकी शिकायत परीक्षा नियंत्रक से की है। जिसके बाद उन्होंने कॉपियों की जांच रुकवा दी है। मामले की जांच होने के बाद मूल्यांकन होगा। पुराने सिलेबस से सवाल पूछने पर कई स्टूडेंट्स जवाब नहीं लिख सके। जिससे उन्हें परसेंटेज कम होने का डर है। स्टूडेंट्स की शिकायत के बाद परीक्षा नियंत्रक डॉ.अशेष तिवारी ने मामले की जांच परीक्षा समिति को दी है। कॉपी की चेकिंग रुकवा दी है। स्टूडेंट्स का कहना है कि आउट ऑफ सिलेबस सवालों से रिजल्ट पर असर पड़ेगा। परसेंट कम होने से वे प्रतियोगी परीक्षाओं में पात्र नहीं हो सकेंगे। मामले में अब जांच समिति दोनों सिलेबस और एग्जाम पेपर की जांच करेगी।

## सूर्य उर्जा अवधि में बिजली खपत पर मिली 45 लाख रुपए की छूट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग के आदेशानुसार पश्चिम क्षेत्र विद्युत् वितरण कंपनी ने पहली बार निम्नदाब श्रेणी के गैर घरेलु उपभोक्ताओं के लिए भी टाइम ऑफ द डे (टीओडी) बिलिंग व्यवस्था लागू की है। जून माह की बिलिंग में मालवा-निमाड़ के उपभोक्ताओं को लगभग 45 लाख रुपए की अंतर राशि का भुगतान किया गया है। मध्य प्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक अमित तोमर ने बताया कि सूर्य उर्जा उत्पादन अवधि (सोलर टाइम) में बिजली की अधिक खपत को प्रोत्साहन देने के लिए गैर घरेलु, गैर कृषि क्षेत्र में टीओडी व्यवस्था लागू है। इसमें सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक खपत पर 20 प्रतिशत की छूट दी जाती है, वहीं सुबह 6 बजे से सुबह 9 बजे तक और शाम को 5 बजे से रात 10 बजे तक 20 प्रतिशत सरचार्ज लिया जाता है। जून माह में इंदौर शहर सहित मालवा-निमाड़ के टीओडी प्रभावित 35400 हजार बिजली उपभोक्ताओं को 5 करोड़ 40 लाख रूपए की छूट दी गयी है, वहीँ पीक अवर्स में खपत पर लगभग 4 करोड़ 95 लाख रूपए का सरचार्ज लगाया गया है। इस तरह टीओडी लागू होने के बाद उपभोक्ताओं को लगभग 45 लाख रुपए की प्रोत्साहन अंतर राशि का भुगतान किया गया है।

## कलाकारों की याद में एक शाम 12 अगस्त को

**इंदौर**। संस्था संगीत सरोवर के तत्वावधान में 12 अगस्त को शाम ठीक 6:45 बजे दिवंगत कलाकारों को समर्पित एक शाम मुझको मेरे बाद जमाना ढूंढेगा संगीत कार्यक्रम होगा। जिसमें मुख्य अतिथि राऊ के विधायक मधु वर्मा होंगे। विशेष अतिथि होंगे वार्ड 80 के पार्षद प्रशांत बड़वे। कलाकारों की याद में होने वाले इस अनूठे कार्यक्रम में गायक योगेश विंझे, आनंद फाटक, दिलीप नजान, लोकेश सांखला, सचिन वाघ और गायिका मंजू रावत, शुभांगी पारोलकर, आभा देशपांडे, भारती होलकर और करिश्मा तोंडे अपनी मधुर आवाज से गीत प्रस्तुत कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगे।

## 3 और 4 अगस्त को प्रदर्शनी में देख सकेंगे राजस्थान कल्चर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर** । तीज त्यौहारों को ध्यान में रखते हुए प्राचीन सोने चाँदी की जरी की पोशाकें और हाथ से बनी रंग-बिरंगी पोशाक व साड़ियाँ और राजस्थान से सोने-चाँदी के परम्परागत नक्काशी के आभूषण व चुडिया खासतौर पे सतरंगी में देखे जा सकेंगे। राजपूत समाज की पहल से होटल इन्फिनिटी में 3 और 4 अगस्त 2024 को ये खास कलेक्शन प्रस्तुत किया जाएगा। आयोजक श्रीमती चंद्रजीत जादौन, श्रीमती रंजना राठौड़ ने बताया प्रदर्शनी में पंजाब, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, मध्यप्रदेश और अन्य राज्यों के कारीगरों, हस्तशिल्पों व ग्रामीण महिलाओं द्वारा निर्मित साड़ियाँ, सूट, चद्दरें, उपहार की वस्तुएं, राखियां और आकर्षक गिफ्ट हैम्पर्स शामिल हैं। प्रदर्शनी से आने वाली धनराशि से समाजसेवी संस्थाओं को मदद दी जाएगी।

## सानंद मराठी नाट्यस्पर्धा 3 अगस्त से

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। भाषा, संस्कृति और कला को समर्पित संस्था सानंद न्यास द्वारा 19वीं सानंद मराठी नाट्यस्पर्धाह्व का आयोजन 3 से 6 एवं 8 से 11 अगस्त तक स्थानीय देवी अहिल्या विश्वविद्यालय सभागृह में होगा। स्पर्धा में दर्शकों के लिए प्रवेश निः शुल्क एवं खुला रहेगा। सानंद न्यास के अध्यक्ष जयंत भिसे एवं मानद सचिव संजीव वावीकर ने बताया कि ह्यसानंद मराठी नाट्यस्पर्धाह्व का आयोजन गत 18 वर्षों से कर रहा है, यह 19वां वर्ष है। स्पर्धा आयोजन सफलता हेतु अनिरुद्ध नागपुरकर संयोजक, सानंद मित्र ध्रुव देखणे सहसंयोजक को मनोनीत किया गया है। नाट्यस्पर्धा की सफलता हेतु व्यापक तैयारियां शुरू हो गई हैं। नाट्यस्पर्धा में विजयी स्पर्धकों को सुविख्यात चरित्र अभिनेता अच्युत पोद्दार द्वारा प्रायोजित प्रथम पुरस्कार- पु. ल. देशपांडे की स्मृति में रु. 50,000 द्वितीय पं. सत्यदेव दुबे की स्मृति में रु. 30,000 तथा तृतीय-बाबा डिके की स्मृति में रु. 20,000 नकद घोषित किए हैं, साथ ही विजेता दल को स्मृतिचिह्न सर्वोत्कृष्ट दिग्दर्शन, अभिनेता, सहायक अभिनेता, अभिनेत्री, सहायक अभिनेत्री, प्रकाश योजना, ध्वनि संकलन, रंगभूषा, वेशभूषा एवं नेपथ्य आदि नाटक की सभी विधाओं में प्रथम एवं द्वितीय पुरस्कार स्वरूप स्वर्ण पदक, रजत पदक तथा सहभागिता के लिए सभी कलाकारों को प्रमाण-पत्र दिए जाएंगे। मनोरंजन के साथ नाटक लोक शिक्षण एवं लोक जागरण का सशक्त माध्यम सिद्ध हुआ है। मराठी भाषा में नाट्य विधा की 150 वर्षों की उज्ज्वल परंपरा रही है।

## 51 जोड़ों ने 51 पार्थिव शिवलिंग बना वेद मंत्रों के साथ किया रुद्राभिषेक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। राजवाड़ा स्थित मल्हारी मार्तंड मंदिर में संस्था साक्षी समाज सेवा संस्थान द्वारा सावन मास के अवसर पर आयोजित आयोजन में भगवान शिव का रूद्र अभिषेक 51 जोड़ों व अन्य सदस्यों द्वारा किया गया। संस्था की अध्यक्ष सीमा सेन के अनुसार मल्हारी मार्तंड मंदिर में सुबह भगवान शिव का अभिषेक वेद मंत्रों के बीच आचार्यों पंडितों की उपस्थिति में किया। उसके बाद मुख्य यजमान गोसेवक सरिता गोपाल अग्रवाल, मोना बिक्रम अग्रवाल सहित 51 जोड़ों व अन्य सदस्यों द्वारा 51-51 पार्थिव शिवलिंग निर्माण कर पण्डित लीलाधर वारकर एवं 11 ब्रह्मणों की उपस्थिति में रुद्र अभिषेक किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद थे

## आत्मनिर्भर बनाने हेतु आयोजित की राखी प्रशिक्षण कार्यशाला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। नमो-नमो शंकरा एवं भारतीय सिंधु सभा युवा शाखा के संयुक्त सहयोग से बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए राखी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत बुधवार को स्वामी प्रीतमदास सभागृह में आयोजित कर किया गया। इसमें 11 स्कूलों की 435 बालिकाओं ने राखी बनाने का प्रशिक्षण लिया। प्रशिक्षणकर्ता हेमलता कुमार और उनकी टीम के मार्गदर्शन में बालिकाओं ने तीन राखी बनाई। जिसमें पहली राखी पूरे विश्व में भारत देश का नाम रोशन करने वाले भाई प्रधानमंत्री मोदीजी के लिए दूसरी राखी भारत देश के नागरिकों की रक्षाकरने वाले सैनिक भाइयों के लिए और तीसरी राखी परिवार की रक्षा करने वाले भाइयों के लिए बड़े उमंग और उत्साह के साथ बनाई गई।

नमो नमो शंकरा संस्था एवं भारतीय सिंधु सभा युवा शाखा के अध्यक्ष पंकज फतेहचंदानी एवं भारतीय सिंधु सभा के मीडिया प्रभारी नरेश फुंदवानी ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री कोई आह्वान करे और उसे इंदौर पूरा ना करे ये तो हो ही नही सकता। आने वाले त्योहार राखी की खुशी बहनों के लिए तिगुनी खुशी लाये इसी तारतम्य में आत्मनिर्भर राखी बनाने की कार्यशाला बुधवार को स्वामी प्रीतमदास सभागृह में आयोजित की गई। इसमें 11 स्कूलों की तकरीबन 435 बालिकाओं ने प्रशिक्षण लेकर राखी बनाई।

## एमबीए परीक्षा का परचा लीक, कॉलेज पेनल्टी भरने को तैयार नहीं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। एमपी में इंदौर की देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी की एमबीए फर्स्ट सेमेस्टर की परीक्षा का परचा लीक के मामले में दोषी आयडेलिक कॉलेज पर 5 लाख की पेनल्टी लगाई गई थी वह पूरी राशि भरने को तैयार नहीं है। कांग्रेस से भाजपा में आए इस कॉलेज ने यूनिवर्सिटी के कार्यपरिषद के निर्णय के करीब डेढ़ माह बाद भी सिर्फ एक लाख रुपए जमा करवाए। हद तो यह है की कॉलेज प्रशासन ने उलटा यूनिवर्सिटी को ही चिट्ठी लिखकर बाकी राशि माफ करने की मांग कर दी है। चिट्ठी में लिखा कि मामले में कॉलेज संचालक का कोई दोष नहीं है। जिस कर्मचारी ने परचा लीक किया था उसकी गिरफ्तारी हो चुकी है। कर्मचारी को निकालने के साथ तत्कालीन प्राचार्य की उदासीनता पर सस्पेंड कर दिया गया है। ऐसे में 5 लाख रुपए की पेनल्टी ज्यादा है। इसे एक लाख रुपए किया जाना चाहिए। इस मामले में कुलपति प्रो रेणु जैन का कहना है कि पेनल्टी कम करने का सवाल ही नहीं है। कालेज की संबद्धता खत्म करने को लेकर बनी कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई करेंगे।

# लाखों के जेवर और नकदी सहित पकड़ाए दो चोर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। सूने मकान की रैकी कर चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले जीजा-साले सांवेर पुलिस के हत्थे चढ़े हैं। दोनों अपने साथी की मदद से वारदात करते थे। तीनों आरोपी मजदूरी के बाद रात को घटना को अंजाम देते थे।**

टीआई कमलसिंह गेहलोत के अनुसार, धरमपुरी थाने में 29 फरवरी को फरियादी प्रदीप पिता लक्ष्मण कुशवाह निवासी बड़ोदियामा ने शिकायत दर्ज कराई थी कि वे रिश्तेदार की गमी में देवास गए थे। दूसरे दिन लौटे तो घर का ताला टुटा मिला था। चोर यहां से लाखों के जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर गए थे। घटना के बाद पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू की थी, लेकिन आरोपियों का कोई पता नहीं चल पा रहा था। मशक्कत के बाद पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि चोरी करने वाले बदमाश फिर सक्रिय है। सूचना पर आरोपी विशाल पिता आनंदीलाल अहीरवाल(जीजा) निवासी चंदेरी अशोक नगर, उसका साला संदीप पिता धन्नालाल अहीरवाल निवासी गौरीनगर इंदौर तथा साथी विक्रम पिता मांगीलाल बागरी निवासी सीतामऊ मंदसौर को गिरफ्तार किया। विशाल के कब्जे से दो लाख 72 हजार के जेवर, विक्रम से 22 हजार के चांदी के जेवर, 27 हजार नकद जब्त किए हैं। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि 13 जून को उन्होंने सांवेर की हाईवे ड्रीम में दो स्थानों पर, 29 जून को श्रीकृष्ण इनक्लेव कालोनी में दो स्थानों पर पांच चोरी की थी। चोरी के बाद आरोपी भागकर इंदौर आ जाते थे। यही कारण था कि वे पुलिस की गिरफ्त में नहीं आ पा रहे थे।

## अहिल्या आश्रम के सहायक शिक्षक शुक्ला को सेवानिवृत्त होने पर सम्मानित कर दी बिदाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। अहिल्या आश्रम क्रमांक 2 के सहायक शिक्षक शशिभूषण शुक्ला को शासकीय सेवा से सेवानिवृत होने पर एक गरिमामय कार्यक्रम में सम्मान कर भावभीनी बिदाई दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अहिल्या आश्रम क्रमांक 2 के प्राचार्य दीपक हलवे ने शुक्ला के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते उनके सेवाकाल का वर्णन करते शुक्ला को साफा पहनाकर शाल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। अध्यक्षता कर रहे शामावि अहिल्या आश्रम के प्रधान पाठक धूलधोए ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर शुक्ला को भेंट प्रशस्ति पत्र का वाचन संगीता तिवारी ने किया। संजय सक्सेना, बालकृष्ण टांक और विक्रमसिंह ठाकुर ने भी शुक्ला को शॉल-श्रीफल भेंटकर पुष्पाहार से सम्मानित किया। कार्यक्रम में समस्त स्कूल स्टाफ उपस्थित था।

## गुरु हरकृष्णजी का प्रकाश पर्व सेवा दिवस के रूप में मनाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। अंतरराष्ट्रीय संस्था गुरु गोबिंद सिंह स्टडी सर्कल द्वारा गुरु हरकृष्ण का प्रकाश पर्व मंगलवार को सेवा दिवस के रूप में मनाया गया। संस्था के सदस्यों ने दशरथ सेवा आश्रम, चाणक्यपुरी पहुंच कर बुजुर्गों का हाल जाना, उनसे बातचीत करके सामूहिक अरदास की। उनके अच्छे और स्वस्थ जीवन की कामना की। संस्था द्वारा आश्रम के बुजुर्गों के लिए खाद्य सामग्री वितरित की गई। संस्था की अध्यक्ष दलजीत कौर बिंद्रा ने प्रारंभ में गुरु हरकृष्ण के जीवन और उनके मानवता के लिए किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला। सभी मेंबर्स ने शबद कीर्तन ह्वकोई बोले राम-राम कोई खुदाए... का गायन किया। स्टडी सर्कल द्वारा उन्हें फल, बिस्किट, राशन और अन्य जरूरी समान वितरित किया गया। वृद्ध आश्रम की पूरी जानकारी विकास ने दी। इस मौके पर रतनजीत सिंघ शैरी और अवदीप सिंह जुनेजा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। अरदास अवतार सिंह सैनी ने की। संचालन जसबीर सिंह अरोड़ा ने किया। आभार जगजीत सिंह टुटेजा ने माना।

## वीवी द्रविड़ को 30वीं पुण्यतिथि पर दी पुष्पांजलि

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** श्रम शिविर इंटक कार्यालय इंदौर पर इंटक के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व श्रम मंत्री स्व. व्यंकटेश विष्णु द्रविड़ (वीवी द्रविड़) की 30 वीं पुण्यतिथि 30 जुलाई को मनाते स्व. द्रविड़ की तस्वीर पर पुष्प मालाएं अर्पित कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर इंटक के श्यामसुंदर यादव, गोपाल शर्मा, सुशीला यादव, हरनाम सिंह धारीवाल, दिलीप सेंगर, लक्ष्मीनारायण पाठक, विद्युत फेडरेशन के एनके यादव, मदन वर्मा, जेएल जोशी, जीएल मैनारिया, शांतिलाल लाम्बोले, उम्मेदसिंह राजपूत आदि उपस्थित थे।

## नाड़ी परीक्षण शिविर 4 अगस्त को

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। आगामी 4 अगस्त रविवार सुबह 7 बजे से 11 बजे तक नित्यानन्द देव ध्यान केन्द्र सिलीकॉन सिटी में निःशुल्क नाड़ी परीक्षण का आयोजन किया जा रहा है। आयोजको की और से नितिन भटनागर ने जानकारी देते बताया कि स्वामी सुरेशानन्द के मार्गदर्शन में वैद्य रोहित सोलंकी नाड़ी रोग परीक्षण में सेवाएं देंगे। नाड़ी परीक्षण के लिए आने वाले व्यक्तियों को खाली पेट पहुंचना होगा।

## दो मोबाइल चोर गिरफ्तार, 30 फोन सहित बाइक बरामद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। पीथमपुर में थाना सेक्टर एक पुलिस ने दो मोबाइल चोरों को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी संतोष कुमार दूधी ने बताया कि पिछले कई दिनों से क्षेत्र में शिकायतें आ रही थीं कि कुछ अज्ञात बदमाश लोगों से राह चलते मोबाइल छीन कर भाग जाते हैं। मामले को पुलिस ने गंभीरता से लेते हुए टीम गठित कर जांच में लगाया। शहर में लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से कुछ संदिग्धों की पहचान की गई। जिसमें 2 आरोपी कृष्ण पिता महेश सिसोदिया और दीपक पिता जगदीश सागर को गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपियों ग्राम गवला के रहने वाले हैं। दोनों आरोपियों से 30 मोबाइल और एक चोरी की बाइक जब्त की गई है। आरोपी औद्योगिक क्षेत्र में बाइक पर सवार होकर राहगीरों से मोबाइल झपट कर फरार हो जाते थे। कार्रवाई में थाना प्रभारी संतोष कुमार दूधी, सहायक उपनिरीक्षक राजेश सिलोरिया, केके परिहार, प्रधान आरक्षक सूरज तिवारी, महेश यादव, आरक्षक शैलेंद्र सिंह भदोरिया, राहुल हिरवे की प्रमुख भूमिका रही।

## नौकरानी ने ही चुरा ले गई ज्वेलरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। हीरानगर इलाके में एक नौकरानी ने लाखो की ज्वेलरी अपने मकान मालिक के यहां से चुरा ली। परिवार ने इस मामले में नौकरानी को समझाने का प्रयास किया। लेकिन उसने बात नही सुनी। इधर नौकरानी ने काम पर आना भी बंद कर दिया। बाद में मकान मालकिन ने थाने आकर मामले में केस दर्ज कराया है।

हीरानगर पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक माया लोखडें की शिकायत पर रेखा बोरीयाले निवासी सुयश विहार कॉलोनी पर केस दर्ज किया गया है। माया ने बताया कि रेखा उनके यहां करीब 8 सालों से काम कर रही है। परिवार उस पर काफी भरोसा करने लगा। अगर काम से भी जाना हो तो उसे चॉबी सौपकर चले जाते। 19 मार्च 2024 को घर से चार जोड़ कान के टॉप्स,गले का नेकलेस,एक अंगूठी लकड़ी के दराज में रखे थे। जिसे लॉकर में नही रख पाई। 5 दिन बाद जब ध्यान आया कि ज्वेलरी रखना है तो उसे चेक किया। जो जगह पर नही थे। इसके बाद घर के लोगो से पूछताछ की। जानकारी नही लगी। इसके बाद रेखा ने काम पर आना बंद कर दिया। शंका होने पर उससे पूछताछ की। लेकिन उसने जेवर नही दिए। 5 माह से उससे ज्वेलरी मांग रहे है। लेकिन वह उल्टा केस में फंसाने की धमकी देती है। बाद में बेटी के साथ अफसरो को शिकायत की। इसके बाद पुलिस ने केस दर्ज किया है। माया से पूछताछ की जा रही है।

## सिमी के पर्चे बांटने वाले की सजा बरकरार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। प्रतिबंधात्मक संगठन सिमी के पर्चे बांटने वाले आरोपी की सजा बरकार रहेगी। निचली अदालत ने आरोपी अमान खान निवासी छोटी ग्वालटोली को तीन साल की सजा सुनाई थी। इस सजा को कम करने लगाई याचिका पर सत्र न्यायालय ने बुधवार को अपना फैसला सुनाया। आरोपी को वर्ष 2008 में देश विरोधी पर्चे बांटते और चिपकाते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया था। वह देश विरोधी गतिविधियों में लिप्त था और विधि विरुद्ध भीड़ जमा कर पर्चे बांट रहा था। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने आरोपित को दोषी पाते 24 अप्रैल 2024 को धारा 3, सहपठित धारा 10 में दो वर्ष की सजा, दो हजार अर्थदंड और इसी अधिनियम की धारा 13 में तीन वर्ष का कारावास और तीन हजार रुपए अर्थदंड किया था। आरोपी ने इस फैसले के विरुद्ध अपील की थी। इसमें फैसला सुनाते हुए सत्र न्यायाधीश पंकज यादव ने सजा को यथावत रखा है।

### किशोर कुमार के गीतों की प्रस्तुति

## राजेश शर्मा की सोलो प्रस्तुति साथ में ड्यूट्स कुछ नगमे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** संस्था एस. एस. इ. एस. द्वारा जाल सभागृह में संगीत कार्यक्रम गाता रहे मेरा दिल का आयोजन किया गया। इसमें किशोर कुमार के बेहतरीन गीतों की प्रस्तुति किशोर कुमार की आवाज और अंदाज को जीने वाले इंदौर के ख्यात गायक राजेश शर्मा किशोर कुमार के जन्मदिन पखवाड़े पर उन्हें आदरंजलि पेश की। उनका सुरीला साथ दे कविता श्रीवास्तव और अनुश्री अहीर विशेष प्रस्तुति मास्टर आराध्य लाडियाविनीत शुक्ला ने दिया। आजा मेरे दिल ने तडफ़ के राजेश शर्मा शर्मा, तेरा मुझसे से पहले नाता कोई राजेश शर्मा, गाता रहे मेरा दिल अनुश्री, राजेश शर्मा, प्यार दिवाना होता है मास्टर आराध्य लाडिया, कोरा कागज था मास्टर आराध्य लाडिया, अनुश्री आदि ने प्रस्तुतियां दी।

## जीएसीसी में एडमिशन प्रक्रिया में गड़बड़ी का आरोप

### उच्च शिक्षा अतिरिक्त संचालक ने जांच के लिए बनाई 5 प्रिंसिपल की कमेटी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **इंदौर में पीएम श्री अटल बिहारी वाजपेयी कॉलेज में प्रवेश प्रक्रिया में गड़बड़ी का आरोप अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने लगाया है। मंगलवार को अभाविप ने कॉलेज परिसर में प्रदर्शन किया था। प्रिंसिपल लापता के पोस्टर भी चस्पा किए थे। अभाविप के सार्थक जैन ने बताया कि बुधवार को अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा सुधा सिलावट को स्टूडेंट्स ने ज्ञापन सौंपा और मामले में उच्च स्तरीय समिति गठित कर निष्पक्ष जांच की मांग की। अभाविप की मांग पर अतिरिक्त संचालक ने मामले की जांच कि लिए 5 सदस्यीय कमेटी गठित की है।**

कमेटी में माता जीजाबाई शासकीय कॉलेज प्रिंसिपल को संयोजक और भेरुलाल पाटीदार कॉलेज प्रिंसिपिल, शासकीय कॉलेज सांवेर प्रिंसिपल, कन्या महाविद्यालय किला मैदान प्रिंसिपल, शासकीय संस्कृत कॉलेज प्रिंसिपल को सदस्य बनाया है। कमेटी के द्वारा जांच प्रतिवेदन अतिरिक्त संचालक को सौंपने के लिए निर्देशित किया है। बता दें मामले में अटल बिहारी वाजपेयी कॉलेज प्राचार्य प्रकाश गर्ग साफ कर चुके हैं कि एडमिशन में गड़बड़ी की संभावना नहीं है। एडमिशन ऑनलाइन होते हैं। सीएलसी राउंड में भी प्रक्रिया का पालन किया जाता है। अभाविप वालों को उनकी मांग पर एडमिशन लिस्ट भी सौंप दी गई है। प्रवेश प्रक्रिया में गड़बड़ी के आरोप गलत है।

## धनबाद गए परिवार के घर घुसे चोर

**इंदौर।** राउ के पॉश कॉलोनी में चोरो ने एक निजी कंपनी में कार्यरत कर्मचारी के यहां चोरी की वारदात को अजांम दिया। बताया जाता है कि परिवार निजी काम से धनबाद गया था। पुलिस के मुताबिक प्रभात चंद्रसिंह ने बताया कि श्रीकृष्णा पेराडाइज फेज 1 में परिवार के साथ रहते है। निजी कंपनी में काम करते है। 28 जुलाई को घर पर ताला लगाकर धनबाद गए थे। वापस 30 को आए तो देखा की घर के दरवाजे के लॉक टूटे पड़े है। अंदर अलमारी से सामान गायब है। जिसमें सोने की रिंग,सोने की चैन,मंगलसूत्र पेडल,एक बेटे की और दो बडो की सोने की चैन,चांदी के सिक्के,चांदी के बर्तन,पूजा का सामान और अन्य सामान नही था। इसके बाद पड़ोसी को लेकर बुधवार को थाने पहुंचे ओर मामले में केस दर्ज कराया।

## ई रिक्शा ड्रायवर के परिचित ही निकले आरोपी

**इंदौर।** चदंन नगर इलाके में शनिवार को एक ई रिक्शा चालक को दो लडक़ो ने जवाहर टेकरी के यहां पर इंजेक्शन लगा दिया था। इस मामले में पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर उसके दो परिचित युवकों को ही पकड़ा है। आरोपियो से पूछताछ की जा रही है। चंदन नगर पुलिस ने प्रजाप्रत नगर में रहने वाले ई रिक्शा ड्रायवर को इंफेक्टेट इंजेक्शन लगाने वाले दो आरोपियों को पकड़ लिया है। दोनो आरोपी उसके परिचित ही निकले। बुधवार को ड्रायवर को थाने बुलाकर पहचान कराई गई। पुलिस आरोपियों से अभी पूछताछ कर रही है। यह भी पता लगाया जा रहा है। कि दोनो इंजेक्शन कहां से लेकर आए थे। पुलिस इस मामले में पूरी कड़ी जोड़ रही है। जल्द इस मामले में खुलासा करेंगे।

# पानी में जहर पिलाकर हत्या की

## बेडरूम से कप-गिलास मिले, उल्टी से सनी बेडशीट भी मिली

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छिंदवाडा, (एजेंसी)। छिंदवाड़ा के अनाज व्यापारी के बिजनेस पार्टनर के तीन मंजिला मकान पर बुधवार को पुलिस ने रेड की। पुलिस के हाथ अहम सबूत लगे हैं। आरोपी का बेडरूम थर्ड फ्लोर पर है। यहां से कप - गिलास जब्त किए गए हैं। ड्रेसिंग टेबल के पीछे से व्यापारी की उल्टी से सनी बेडशीट भी बरामद की गई है। दूसरे फ्लोर से जहर का पैकेट भी पुलिस को मिला है।**

कोतवाली थाने के टीआई उमेश गोल्हानी के मुताबिक, जब्त की गईं चीजों को फोरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है। राज्यपाल चौक में रहने वाले सौरभ चौरसिया पर गांधीगंज निवासी अनाज व्यापारी महेश साहू (52) को पानी में जहर देकर हत्या करने का आरोप है। पुलिस ने उसे मंगलवार रात ही केस दर्ज गिरफ्तार कर लिया था।

घटना से नाराज व्यापारियों ने गांधीगंज और मंडी में बुधवार को बंद बुलाया था। रात में एफआईआर हो जाने पर उन्होंने यह फैसला वापस ले लिया। पोस्टमॉर्टम के बाद व्यापारी का अंतिम संस्कार किया गया। व्यापारी संगठन ने उन्हें श्रद्धांजलि दी।

### उल्टी में बहुत तेज जहर की गंध आ रही थी

व्यापारी के भतीजे अतिन साहू ने पुलिस को बताया, ह्यमंगलवार को जब मैं सौरभ के घर पहुंचा, तो चाचा उसके बेडरूम में पलंग पर चित लेटे थे। उन्हें उल्टी हुई, जिमें तेज जहर की गंध आ रही थी। अस्पताल ले जाते समय चाचा ने खुद बताया था कि उन्हें कुछ पिलाया गया है। जलन हो रही है।

### पैसे देने के लिए बुलाया ...और मार डाला

महेश साहू (52) और आरोपी सौरभ चौरसिया में पुराना गल्ले का लेन-देन था। महेश को उससे 50 से 60 लाख रुपए लेना थे। आरोपी ने मंगलवार दोपहर उन्हें अपने घर बुलाया। 2 बजे वह उससे मिलने पहुंचे थे। 15 मिनट बाद ही उनकी तबीयत बिगड़ गई। उन्हें पहले शहर के आनंद, फिर वेदांता अस्पताल ले जाया गया। यहां से नागपुर ले जाते समय शाम 4 बजे उनकी मौत हो गई।

# युवक कांग्रेस के नेता ने युवती को चाकू मारे

## नीमच में एक के बाद एक 7 वार किए, बोला- प्यार में धोखा देती है

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**नीमच, (एजेंसी)। नीमच में युवक कांग्रेस के नेता ने एक युवती पर चाकू से हमला कर दिया। ताबड़तोड़ एक के बाद एक 7 वार किए। युवती गंभीर घायल होने के बाद सड़क पर गिर गई तो नेता ने उस पर प्यार में धोखा देने का आरोप लगाया। फिर वहां से भाग निकला।**

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया। उसकी हालत स्थिर है। यहां से परिजन युवती को निजी अस्पताल ले गए। पुलिस ने आरोपी कुलदीप वर्मा (23) को हिरासत में ले लिया है।

नवल सिंह सिसोदिया ने बताया कि वारदात नीमच के कैंट थाना इलाके में गांधी वाटिका के बाहर बुधवार दोपहर की है। 20 वर्षीय युवती बोहरा बाजार की रहने वाली है। केसरपुरा निवासी कुलदीप वर्मा कॉलेज स्टूडेंट है।

**दोनों के बीच बहस हुई थी, इसके बाद मारा चाकू-** वारदात के चश्मदीदों ने बताया कि कुलदीप युवती के साथ पार्क के बाहर खड़ा था। किसी बात को लेकर दोनों के बीच बहस हुई। इसी बीच कुलदीप ने चाकू से हमला कर दिया। युवती की चीख सुनकर लोग मौके पर जुटे। कुलदीप ने लोगों के सामने चिल्लाते हुए कहा, ह्यप्यार करके धोखा देती है। ये लड़कियां पैसा खाती हैं। तुमने मुझे छोड़ा। कितने बॉयफ्रेंड हैं तेरे। अयान, रियान, आजाद, हर्षित फिर भाग गया।

### यूथ कांग्रेस की जिला कार्यकारिणी में है आरोपी

कांग्रेस जिला अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह राठौर ने बताया कि कुलदीप ज्ञानोदय महाविद्यालय में ठरवक का कॉलेज अध्यक्ष रहा है। वहीं, पार्टी से जुड़े अन्य नेताओं का कहना है कि कुलदीप को हाल ही में यूथ कांग्रेस की जिला कार्यकारिणी में शामिल किया गया है।

# ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच 20 फीट घिसटता गया बुजुर्ग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बुरहानपुर, (एजेंसी)।** बुरहानपुर रेलवे स्टेशन पर एक बुजुर्ग ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच फंसकर 20 फीट घिसटता चला गया। उसने गेट के पाइप पकड़ रखे थे। जीआरपी कॉन्स्टेबल ने खींचकर उसकी जान बचाई। मंगलवार की इस घटना का वीडियो बुधवार को सामने आया।

मंगलवार दोपहर नासिक की ओर जाने वाली (11058) पठानकोट एक्सप्रेस बुरहानपुर रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर-1 पर रुकी। देवलाली नासिक के रहने वाले बुजुर्ग फखरुद्दीन सैया पानी और खाने का सामान लेने नीचे उतरे। 2 मिनट रुकने के बाद ट्रेन चल दी। फखरुद्दीन ने ट्रेन चलती देख दौड़ लगा दी। गेट के हैंडल पकड़कर चलती ट्रेन में चढ़ने लगे। अनबैलेंस होने से पैर फिसल गया और वे गेट से लटक गए।

# स्कूल लेट आए 300 बच्चों को एक घंटे खड़ा रखा

## हंगामा, पेरेंट्स बोले- मैनेजमेंट ज्यादा फीस वसूली पर कार्रवाई से बौखलाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर, (एजेंसी)।** जबलपुर में 2 से 5 मिनट देरी से स्कूल पहुंचे बच्चों को बाहर कर मेन गेट पर ताला लगा दिया। इसके बाद परिजनों ने हंगामा कर दिया। जब पेरेंट्स ने स्कूल के इस एक्शन को गलत बताया तो मैनेजमेंट ने टीसी देने की धमकी दे डाली। इस दौरान 300 से ज्यादा बच्चे एक घंटे तक बैग लेकर खड़े रहे। कुछ बच्चे इतना डर गए थे कि वे रोने लगे। हंगामे के बाद करीब 8:30 बजे उन्हें क्लास में जाने दिया गया।

मामला पोलीपाथर स्थित सेंट अलॉयसियस स्कूल का है। स्कूल पहले ही अवैध फीस वसूली और कॉपी-किताबों की मनमानी बिक्री के आरोपों से घिरा है। पेरेंट्स का कहना है कि जिला प्रशासन की कार्रवाई के बाद स्कूल प्रबंधन बौखलाया हुआ है।

### कलेक्टर से मिले पेरेंट्स, जांच के आदेश

बुधवार दोपहर में परिजन कलेक्टर दीपक कुमार सक्सेना से मिले। इसके बाद कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को जांच के निर्देश दिए हैं। पेरेंट्स ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई के बाद से ही स्कूल मैनेजमेंट बदला लेने के लिए इस तरह का कृत्य कर रहा है। डीईओ घनश्याम सोनी ने बताया कि गुरुवार को स्कूल के टीचर्स को बुलाया गया है। उनकी बात सुनी जाएगी। इसके बाद ही निर्णय लिया जाएगा।

### स्कूल की प्रिंसिपल पर दर्ज है केस

सेंट अलॉयसियस स्कूल की प्रिंसिपल सोमा जॉर्ज के खिलाफ अवैध फीस वसूली, यूनिफॉर्म और बुक्स की बिक्री के मामले में ग्वारीघाट थाने में केस दर्ज है। उन्हें जेल भी भेजा गया था। करीब दो महीने बाद कुछ दिन पहले वह जमानत पर बाहर आई हैं। इधर, कलेक्टर दीपक सक्सेना ने कहा कि इस तरह किसी भी स्कूल की हठधर्मिता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस तरह मनमानी करेंगे, तो स्कूल की मान्यता रद्द करने के लिए अनुमोदन किया जाएगा।

# 12वीं की छात्रा ने ओवरब्रिज से छलांग लगाई

## ऑक्सीजन सपोर्ट पर, स्कूल के लिए निकली डेढ़ घंटे बाद सुसाइड अटैम्प्ट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रीवा, (एजेंसी)। रीवा में 12वीं की छात्रा ने ओवरब्रिज से छलांग लगा दी। घटना बुधवार दोपहर सिरमौर चौराहे की है। संजय गांधी अस्पताल में छात्रा को वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया है। उसने यह कदम क्यों उठाया, पुलिस परिजन से पूछताछ कर रही है। लड़की फिलहाल बयान देने की स्थिति में नहीं है।**

प्रत्यक्षदर्शी ऑटो ड्राइवर प्रवीण कुशवाहा ने बताया कि वह चौराहे पर खड़े थे, तभी देखा कि छात्रा ब्रिज से नीचे गिर गई। 100 मीटर दूर खड़े पुलिसवाले को इस बात की जानकारी दी। इसके बाद अपनी ऑटो से छात्रा को अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया। पुलिस के अनुसार, 17 साल की छात्रा पीके स्कूल में 12वीं में पढ़ती है। स्कूल 10.30 बजे का है। वह घर से यूनिफॉर्म में तो निकली, लेकिन स्कूल नहीं पहुंची।

### सिर, पीठ, कंधे और कमर पर अंदरूनी चोट

डॉक्टर्स के मुताबिक छात्रा के सिर के पिछले हिस्से, पीठ, कंधे और कमर पर अंदरूनी चोट आई है। काफी खून भी बह गया है। उसे आईसीयू वार्ड में भर्ती करवाया गया है। ऑक्सीजन सपोर्ट के लिए नाक में नली लगाई गई है। लड़की अभी कुछ बोलने की हालत में नहीं है। ऊपर से गिरने की वजह से शरीर में जोरदार झटका लगा है।

### मुझे किसी परेशानी के बारे में नहीं बताया

लड़की के भाई सोमनाथ कोरी ने बताया, ह्यहम 6 भाई - बहन हैं। मुझसे छोटी 5 बहनें हैं, छात्रा तीसरे नंबर की है। दोपहर 12 बजे के बाद मुझे फोन आया कि आपकी बहन अस्पताल में भर्ती है। उसने ऐसा कदम क्यों उठाया? हमें समझ में नहीं आ रहा। हमारी आपस में बातें होती हैं, लेकिन बाकी समय वो पढ़ाई और मोबाइल पर देती है। उसने मुझे किसी परेशानी के बारे में नहीं बताया।

# 13 साल के लड़के की हत्या, शव चट्टानों में दबाया

## बहन पर गंदी नजर रखने वाला हिरासत में, गोली मारने की धमकी दी थी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर, (एजेंसी)।** ग्वालियर में 13 साल के लड़के की हत्या कर दी गई। लड़का सोमवार से लापता था। मंगलवार देर शाम शव तिघरा बांध से डेढ़ किलोमीटर दूर पहाड़ पर चट्टानों में दबा मिला। सिर में गहरी चोट है, पास ही खून से सना नुकीला पत्थर पड़ा था। बुधवार को शिनाख्त हुई।

लड़के की मां ने उनकी बेटी पर गंदी नजर रखने वाले एक युवक पर हत्या का शक जताया है। उन्होंने यह भी बताया कि आरोपी ने गोली से उड़ाने की धमकी दी थी। आरोपी को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है। तिघरा के जंगल से एक चरवाहा मंगलवार देर शाम बकरियां लेकर लौट रहा था। पहाड़ पर चट्टानों के बीच उसे एक हाथ निकला हुआ दिखा। वह पास पहुंचा तो अंदर एक बच्चे का शव पत्थरों से दबा हुआ था। देर रात पुलिस मौके पर पहुंची। फोरेंसिक एक्सपर्ट टीम को भी मौके पर बुलाया गया। शुरुआती जांच में ही यह साफ हो गया था कि बच्चे की हत्या की गई है, क्योंकि पास ही एक खून से सना नुकीला पत्थर मिला। इस पर बच्चे के सिर के बाल लगे हुए थे। पुलिस ने पता किया तो जानकारी मिली कि तीन से चार दिन में दो बच्चे लापता हुए हैं। जब उनके परिजन को पुलिस ने स्पॉट पर बच्चे का शव दिखाया तो मोतीझील की रहने वाली कमलेश राजपूत ने मृतक को अपना बेटा हेम राजपूत बताया। कमलेश ने बताया कि बेटा सावन के दूसरे सोमवार 29 जुलाई को सुबह 10 बजे गुप्तेश्वर महादेव के दर्शन करने के लिए घर से निकला था। उन्होंने खुद उसे 24 नंबर टेंपो में बैठाया था। वापस नहीं लौटने पर उसे तलाश, बाद में पुरानी छावनी थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई।

# सागर में ट्रिपल मर्डर, मां-दो बेटियों के शव मिले

## दीवार में सिर मारने, गले पर धारदार हथियार के निशान; पति-देवर से पूछताछ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सागर, (एजेंसी)। सागर में मंगलवार देर रात एक मकान में मां और दो बेटियों के शव मिले हैं। वारदात का पता तब चला, जब पति घर पहुंचा। उसने पुलिस को सूचना दी। जहां घटना हुई, वहां सामने 200 मीटर दूर पुलिस कंट्रोल रूम है। नेपाल पैलेस के रहने वाले विशेष पटेल जिला अस्पताल में कम्प्यूटर ऑपरेटर हैं। रात 10:50 बजे उन्होंने ससुरालवालों को फोन पर बताया कि पत्नी वंदना (32), बड़ी बेटी अवंति (8) और छोटी बेटी अन्विका (3) को किसी ने हत्या कर दी है।**

विशेष पटेल ने पुलिस को बताया कि रात को घर पहुंचा तो दरवाजे खुले थे। अंदर चारों तरफ खून फैला हुआ था। पत्नी और बड़ी बेटी की लाश किचन में पड़ी थी। छोटी बेटी का शव बेडरूम में पड़ा था। तीनों के सिर से खून बह रहा था। ऐसा लग रहा था कि हमलावर ने सिर दीवार में मारे हैं। धारदार हथियार और पेंचकश से वार किए हैं।

पाटन गांव से आए वंदना के भाई चिराग पटेल ने बताया, पिताजी ने दीदी को मंगलवार दोपहर 2 बजे फोन किया, तो कॉल रिसीव नहीं हुआ। रात 10:50 बजे जीजा का कॉल आया, तब घटना के बारे में पता चला। ऊपर की मंजिल पर रहने वाले किराएदारों ने बताया कि हम लोगों को किसी के चीखने-चिल्लाने की आवाज नहीं आई। जब पुलिस आई, तब पता चला कि मकान मालकिन की हत्या हो गई। विशेष पटेल जिला अस्पताल सागर में दवा वितरण केंद्र में काम करता है। बताया जा रहा है कि वारदात के समय वह जिला अस्पताल में था। विशेष की मां भी उनके साथ रहती है, लेकिन वह इलाज कराने भोपाल गई हैं।

# संपादकीय

## सरकार को याद नहीं आ रहा अपना ही किया वादा

यह भी छिपी बात नहीं है कि रेल सेवाओं में बेहतरी के दावों के बीच इस पर अपेक्षित खर्च नहीं हो पाता। रेल की ज्यादातर पटरियां पुरानी हो चुकी हैं, उन पर गाड़ियों का बोझ लगातार बढ़ते जाने की वजह से वे खतरनाक साबित होती हैं। उन्हीं पटरियों पर तेज रफ्तार गाड़ियां भी चलाने की कोशिश की जा रही है। विचित्र यह है कि मौजूदा रेल मंत्री के कार्यकाल में लगातार हादसों के बावजूद उनकी सेहत पर मानो कोई फर्क नहीं पड़ रहा है। रेल हादसों पर विराम लगाने के दावे तो खूब बढ़-चढ़ कर किए जाते हैं, पर हकीकत यह है कि इनमें लगातार बढ़ोतरी ही देखी जा रही है। पिछले एक वर्ष में कई गंभीर रेल दुर्घटनाएं मामूली सावधानियां न बरती जा सकने की वजह से हो गईं। अभी मुंबई से हावड़ा जा रही गाड़ी के अठारह डिब्बे झारखंड के चक्रधरपुर में इसलिए पटरी से उतर गए कि चालक को अचानक ब्रेक लगाना पड़ा। वह गाड़ी जिस रास्ते से आ रही थी, वहां पहले ही एक मालगाड़ी पटरी से उतर चुकी थी। अब रेल मकमा इस बात की जांच कर रहा है कि मुंबई-हावड़ा मेल के चालक को मालगाड़ी पलटने के बारे में सूचना दी गई थी या नहीं। गनीमत है कि इस हादसे में बहुत बड़ा नुकसान नहीं हुआ। दो लोगों की मौत और आठ लोगों के घायल होने की सूचना है। अठारह बोगियों के पटरी से उतरने का मतलब है कि यह हादसा और बड़ा हो सकता था। पिछले वर्ष ओड़ीशा के बालासोर में तीन गाड़ियों के टकराने से हुए हादसे के वक्त से गाड़ियों के चालन में सुरक्षा उपायों को चुस्त बनाने पर जोर दिया जा रहा था। मगर उसके बाद भी एक के बाद एक कई बड़े हादसे हो गए। पिछले एक महीने में ही तीन बड़े हादसे हो गए। रेल हादसों की वजहें किसी से छिपी नहीं हैं। हर बार यह संकल्प दोहराया जाता है कि जल्दी ही हर गाड़ी में टक्कररोधी उपकरण लगा लिए जाएंगे, जिससे हादसों पर रोक लग सकेगी। मगर लगातार हो रहे हादसों की प्रकृति को देखते हुए यह दावा नहीं किया जा सकता कि अकेले टक्कररोधी उपकरण से इस समस्या पर पूरी तरह अंकुश लग पाएगा। रेलवे का दावा है कि अनेक मार्गों पर कंप्यूटरीकृत संचालन प्रणाली लगा दी गई है। पटरियां बदलने और संकेतक आदि के लिए आधुनिक उपकरण लगा दिए गए हैं। मगर देखा गया है कि इनके ठीक से काम न करने या इनका संचालन ठीक से न किए जाने के कारण ही अक्सर हादसे हो जाते हैं। आखिरकार आधुनिक उपकरणों का संचालन भी मानवीय रूप से किया जाता है। एक तरफ तो हम तेज रफ्तार और सुविधाजनक गाड़ियां चला कर हवाई सेवाओं पर बढ़ते बोझ को कम करने का दावा करते हैं, दूसरी तरफ पटरियों और संचालन प्रणाली पर अपेक्षित ध्यान नहीं दे पाते।

### अर्ज़ किया है..!

*वो कौन है जो मिरे*
*साथ-साथ चलता है*
*ये देखने को कई बार*
*रुक गया हूँ मैं*

-सलीम बेताब




**आप जहां भी हों, आपका जिस भी चीज से सामना हो, हर परिस्थिति में जो भी उत्त है, उसे ले लें। तब जीवन सीखने का एक सिलसिला बन जाता है।**

- जग्गी वासुदेव

### धर्म-कर्म

# सावन शिवरात्रि पर करें शिव पुराण के ये खास उपाय, दूर होंगी सभी समस्याएं और बढ़ेगा धन



वैसे तो हर मास शिवरात्रि का पर्व मनाया जाता है लेकिन सावन मास में आने वाली शिवरात्रि का विशेष महत्व है। इस बार यह शुभ तिथि 2 अगस्त दिन शुक्रवार को मनाया जाएगा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, सावन शिवरात्रि पर की गई पूजा अर्चना और दान का फल महाशिवरात्रि के बराबर ही मिलता है। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार, इस बार सावन शिवरात्रि का पर्व बेहद खास रहने वाला है क्योंकि सावन शिवरात्रि पर सर्वार्थ सिद्धि योग का दुर्लभ संयोग बन रहा है। इस शुभ योग में अगर ज्योतिष के कुछ खास उपाय किए जाएं तो भगवान शिव और माता पार्वती का आशीर्वाद मिलेगा और जीवन में कभी किसी चीज की कमी नहीं होगी। सावन शिवरात्रि पर किए जाने वाले ज्योतिष के ये उपाय बेहद खास हैं और इन उपायों से भोग और मोक्ष की प्राप्ति भी होती है। आइए जानते हैं सावन शिवरात्रि पर कौन से उपाय किए जाएं...

### सावन शिवरात्रि पर इस उपाय से हर कष्ट होगा दूर

सावन शिवरात्रि के दिन सुबह स्नान करके सफेद वस्त्र धारण करके शिवलिंग का जल से स्नान कराएं और फिर गन्ने के रस की धारा शिवलिंग पर अर्पित करते हुए 'ॐ नमः शिवाय' मंत्र का जप करते रहें। फिर गंगाजल से शिवलिंग का अभिषेक करके गंध, अक्षत, बेलपत्र आदि चीजें अर्पित करें। फिर सफेद व्यंजनों का भोग लगाएं और धूप, दीप व कपूर से आरती करें। इसके बाद 108 बार शिव पंचाक्षर मंत्र से जप करें और शिव चालीसा का पाठ भी करें।

### सावन शिवरात्रि पर इस उपाय से होगा भाग्योदय

पुराणों में सावन शिवरात्रि को अहोरात्रि भी कहा गया है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, सावन शिवरात्रि की रात को सोने से भाग्य भी सो जाता है इसलिए इस रात रात्रि जागरण करें या फिर शिव पुराण की कथा का पाठ करें या सुनें। साथ ही आप सवा लाख बार महामृत्युंजय मंत्र जप कर सकते हैं। ऐसा करने से भाग्योदय होता है और घर में सुख-शांति और समृद्धि आती है। साथ ही रात में जागरण करने से सभी कष्ट दूर होते हैं और मोक्ष की प्राप्ति होती है।

### सावन शिवरात्रि पर इस उपाय से धन वैभव में होगी वृद्धि

शिव पुराण के अनुसार, सावन शिवरात्रि के दिन चार प्रहर में भगवान शिव की पूजा अर्चना करने का विधान है। सुबह गंगाजल से, दोपहर में दूध, शाम में दही और रात्रि में शहद और गंगाजल से शिवलिंग का अभिषेक करना चाहिए। सावन शिवरात्रि के दिन शिवलिंग का चार प्रहर में अभिषेक करना बहुत ही उत्तम फलदायी माना जाता है। ऐसा करने से भोग व मोक्ष की प्राप्ति होती है अर्थात पृथ्वी लोक में धन और वैभव में वृद्दि होगी और शरीर त्याग करने के बाद उत्तम लोक में स्थान की प्राप्ति होती है।

### सावन शिवरात्रि पर इस उपाय से ग्रहों का मिलेगा शुभ फल

सावन शिवरात्रि के दिन घर के मेन गेट की दहलीज पर जल में हल्दी मिलाकर छिड़काव करें और दरवाजे के दोनों तरफ हल्दी से स्वास्तिक बनाएं। इसके बाद प्रदोष काल में शिवलिंग की पूजा अर्चना करके घर के ईशान कोण में दीपक जलाकर शिव मंत्रों का जप करें। साथ ही किसी गरीब कन्या के विवाह के लिए गुप्त दान करें। ऐसा करने से ग्रह-नक्षत्र का शुभ फल प्राप्त होता है और कालसर्प दोष समेत कई दोष से राहत भी मिलती है।

### सावन शिवरात्रि पर इस उपाय से हर कार्य में मिलेगी सफलता

शिव पुराण के अनुसार, सावन शिवरात्रि के दिन सफेद चंदन का लेप बनाकर शिवलिंग पर त्रिपुंड बनाएं और उस दौरान 'ॐ नमः शिवाय' मंत्र का जप करते रहें। साथ ही साथ ही आप इस दिन सवा किलो जौ शिवलिंग से स्पर्श कराकर उनको एक पोटली में रख लें और फिर धन के स्थान जैसे तिजोरी या अलमारी में रख दें। फिर प्रदोष काल में गेहूं और जौ का दान करना बहुत उत्तम माना गया है। ऐसा करने से जीवन के सभी कष्ट दूर होते हैं और हर कार्य में सफलता मिलती है।

New Delhi

## पहाड़ों पर कुदरत का कहर!

# कुल्लू में बिल्डिंग गिरी, उत्तराखंड-हिमाचल में बादल फटने से 11 मौतें, 44 लोग लापता





**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली समेत देश के कई शहरों से बारिश से बर्बादी की खबरें आ रही हैं. देश के बड़े इलाकों में मॉनसूनी आफत बरस रही है. दिल्ली में कल (31 जुलाई) रिकॉर्डतोड़ बारिश हुई है, आज भी भारी बारिश का अनुमान है. हिमाचल में कुल्लू और शिमला जिले के करीब बादल फटा है, इसमें करीब 44 लोग लापता बताए जा रहे हैं और 9 लोगों की मौत हो गई है. उत्तराखंड के टिहरी गढ़वाल और केरल के वायनाड में भी बादल फटने की घटना हुई है. यानी मैदान से पहाड़ों तक बारिश का कहर जारी है.

### कुल्लू और मंडी में बादल फटने से कोहराम

हिमाचल प्रदेश के दो जिलों में बादल फटने से भारी तबाही की खबर है. बादल फटने की घटना कुल्लू और मंडी जिले में हुई है. कुल्लू के रामपुर क्षेत्र के समेज स्थित एक पॉवर प्लांट प्रोजेक्ट के कई लोग बादल फटने के बाद से लापता हैं. 20 से ज्यादा मकान जमींदोज हो गए हैं और कई गाड़ियां बह गई हैं, इलाके का स्कूल भी बाढ़ में बह गया. वहीं मंडी जिले में बादल फटने के बाद एक शव बरामद हो चुका है जबकि कई लापता हैं. मंडी जिला प्रशासन ने रेस्क्यू के लिए एयरफोर्स को अलर्ट किया है. मौके पर मौजूद स्थानीय प्रशासन राहत कार्यों में जुटे हैं.

### कई लोग लापता, रेस्क्यू ऑपरेशन मुश्किल

एयरफोर्स के साथ एनडीआरएफ से भी मदद की मांग की गई है. थलटूखोड में फंसे हुए लोगों तक पहुंच पाना संभव नहीं हो पा रहा है इसलिए अब एयरफोर्स और एनडीआरएफ की मदद से लोगों को निकाला जाएगा. हिमाचल प्रदेश के शिमला और कुल्लू जिला के रामपुर से सटे पंद्रह बीस इलाकों में बादल फटने से भारी तबाही हुई है. जानकारी के मुताबिक श्रीखंड की पहाड़ियों पर नैन सरोवर के आसपास बादल फटने से कुर्पण, समेज और गानवी खड्ड में भयंकर बाढ़ आई है. शिमला जिले के गानवी और कुल्लू जिले के बागीपुल बाजार में नाले में उफान से तबाही हुई है.

### घंसाली में बादल फटने से तबाही

उत्तराखंड में मंगलवार से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने जमकर तबाही मचाई है. टिहरी में पहले भारी बारिश हुई और उसके बाद बादल फट गया, जिससे तीन लोगों की मौत हो गई. केदारनाथ मार्ग पर भी बादल फटा और नेशनल हाईवे का एक हिस्सा सैलाब की भेंट चढ़ गया. इससे केदारनाथ पैदल यात्रा मार्ग को भी भारी नुकसान हुआ है. रामबाड़ा से लिनचोली के बीच जगह जगह पैदल मार्ग क्षतिग्रस्त हुआ है. रामबाड़ा में मंदाकिनी नदी पर स्थित दो पुल बह गए. ये पुल पुराने मार्ग पर स्थित थे. इस मार्ग को यात्री और घोड़े संचालक शॉर्टकट रास्ते के रूप में उपयोग करते थे. कल रात की बारिश में मंदाकिनी नदी के तेज बहाव में ये पुल बह गए. इसके अलावा हरिद्वार, नैनीताल और बागेश्वर से भी जल प्रलय की तस्वीरें सामने आ रही हैं.

### रामबाड़ा में बह गए दो पुल

टिहरी जिले के घंसाली केदारनाथ मोटर मार्ग पर जखनियाली के पास बादल फटने से दो लोग मलबे में जिंदा दफन हो गए और एक अन्य लापता है. घंसाली के जखनयाली गांव में कल देर रात हुई आपदा की घटना के बाद उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने जखनियाली निवासी प्रधान प्रतिनिधि दीपक श्रीयाल से फोन के माध्यम से बात कर स्थिति का जायजा लिया. सीएम ने कहा कि वह सभी अधिकारियों से बात कर आवश्यक निर्देश दे रहे हैं. जखनियाली आपदा में अब तक एक ही परिवार के तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई वहीं एक साधु अभी भी लापता बताया जा रहा है.

Uttarpradesh

# लखनऊ में बारिश के बाद युवती से बदसलूकी

### पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ लगाई छेड़खानी की धारा, अबतक 4 अरेस्ट



**लखनऊ, (एजेंसी)** लखनऊ के गोमती नगर इलाके में बीच सड़क बाइक सवार युवक और युवती से बदसलूकी करने वाले हुड़दंगियों के खिलाफ पुलिस ने एफआईआर में छेड़खानी की धारा बढ़ा दी है. इसके अलावा इस मामले में पुलिस ने दो अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया है. इस केस में अबतक चार आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं. बाकी आरोपियों की तलाश के लिए पुलिस ने तीन सदस्यीय टीम गठित कर दी है.

अंबेडकर नगर पार्क के सामने बारिश के बाद सड़कों पर जलभराव हो गया था. यहां कई युवक आने-जाने वाली गाड़ियों पर सवार लोगों को परेशान कर रहे थे. जब एक बाइक सवार युवक अपनी महिला दोस्त के साथ यहां से गुजर रहा था तो यहां मौजूद हुड़दंगियों ने उनके ऊपर भी बारिश का जमा गंदा पानी उनके ऊपर फेंका. उन्होंने बाइक को आगे बढ़ने से भी रोका और बाइक को पीछे की ओर खींचा. तहजीब का शहर माने जाने वाले लखनऊ में ये सब शहर के वीआईपी माने जाने वाले इलाके में हो रहा था. हुड़दंगियों ने तबतक पानी उनके युवक और युवती पर फेंका, जबतक कि वो नीचे नहीं गिर गए. इस घटना का वीडियो सबसे ज्यादा वायरल हो रहा है. यह मामला तब और बढ़ गया, जब इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया. इस वीडियो को शेयर कर लोगों ने इन उपद्रवियों पर कार्रवाई करने की मांग की.

## खेल

# पूर्व भारतीय खिलाड़ी और कोच अंशुमान गायकवाड़ का कैंसर से निधन



**नई दिल्ली, (एजेंसी) भारत के पूर्व क्रिकेटर अंशुमान गायकवाड़ का बुधवार को कैंसर से लंबी लड़ाई के बाद निधन हो गया। 71 वर्ष की उम्र में उन्होंने अंतिम सांस ली। गायकवाड़ ने भारत के लिए 40 टेस्ट और 15 वनडे मैच खेले। वह 2000 आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में उपविजेता रही भारतीय टीम के कोच भी थे। गायकवाड़ पिछले महीने देश लौटने से पहले लंदन के किंग्स कॉलेज अस्पताल में ब्लड कैंसर का इलाज करा रहे थे।**

### बीसीसीआई ने की थी मदद

हाल ही में बीसीसीआई ने गायकवाड़ के इलाज के लिए एक करोड़ रुपए की सहायता राशि जारी की थी। वहीं, 1983 विश्व कप विजेता टीम के सदस्यों ने भी क्रिकेटर की मदद की थी। गायकवाड़ ने 22 साल के करियर में 205 प्रथम श्रेणी मैच भी खेले। बाद में उन्होंने भारतीय टीम के कोच का पद संभाला। उनके शानदार पल 1998 में शारजाह में और फिरोजशाह कोटला में एक टेस्ट मैच में आए, जब अनिल कुंबले ने 1999 में पाकिस्तान के खिलाफ एक पारी में सभी 10 विकेट लिए थे।

**पीएम ने जताया दुख-** पीएम ने अंशुमान गायकवाड़ के निधन पर शोक जताया। उन्होंने 'एक्स पर लिखा, 'श्री अंशुमान गायकवाड़ जी को क्रिकेट में उनके योगदान के लिए याद किया जाएगा। वे एक प्रतिभाशाली खिलाड़ी और एक बेहतरीन कोच थे। उनके निधन से बहुत दुख हुआ। उनके परिवार और प्रशंसकों के प्रति संवेदना। ओम शांति।'

**गृह मंत्री ने दी प्रतिक्रिया-** गृह मंत्री अमित शाह ने भी पूर्व क्रिकेटर के निधन पर दुख जताया। उन्होंने कहा, 'अंशुमान गायकवाड़ जी के निधन से बहुत दुःख हुआ, वे एक महान क्रिकेटर थे जिनके क्रिकेट कौशल ने भारतीय क्रिकेट का गौरव बढ़ाया। इस दुख की घड़ी में मेरी हार्दिक संवेदनाएँ उनके परिवार और प्रशंसकों के साथ हैं। ओम शांति।'

**जय शाह ने शोक व्यक्त किया-** वहीं, बीसीसीआई सचिव जय शाह ने पूर्व क्रिकेटर के निधन पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा, 'श्री अंशुमान गायकवाड के परिवार और मित्रों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। पूरे क्रिकेट जगत के लिए यह दुखद घटना है। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे।'

**गंभीर ने भी जताया दुख-** टीम इंडिया के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने भी पूर्व क्रिकेटर के निधन पर दुख जताया। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, 'अंशुमान गायकवाड़ जी के निधन की खबर सुनकर दुख हुआ। भगवान उनके परिवार और प्रियजनों को शक्ति

## सिनेमा

# 75 की फरीदा जलाल को इंडस्ट्री से शकियात- बस दादी-नानी बनाकर रखा मुझे...



90 के दशक के सिनेमा में नाम कमाने वाली फरीदा जलाल, 75 साल की होने के बावजूद फिल्म इंडस्ट्री में एक्टिव नजर आती हैं. सलमान खान और शाहरुख खान संग इन्होंने बहुत काम किया है. पर वो एक चीज से नाराज हैं, वो ये कि फरीदा जलाल का कहना है कि उन्हें करियर में कुछ खास रोल्स ऑफर नहीं हुए. अपनी वर्सेटैलिटी को वो दिखा सकें, ऐसा नहीं हुआ. इस बात से वो थोड़ी खफा भी हैं. हिंदी सिनेमा में जब फरीदा जलाल मां और मदर फिगर के रोल्स बड़े पर्दे पर अदा करती नजर आ रही थं तो वो खुद को टाइपकास्ट समझती थीं. उन्हें लगता था कि मेल एक्टर्स को उनसे ज्यादा बेहतर और अच्छे रोल्स ऑफर हो रहे. लेकिन उनको नहीं. उनके पास अपनी एक्टिंग स्किल्स दिखाने का मौका ही नहीं आया, जहां वो खुद को साबित भी कर पाती कि वो एक मां के रोल के लिए नहीं बनी हैं. बल्कि और भी रोल्स वो अच्छी तरह करना जानती हैं. टाइपकास्ट होने की कम्प्लेन करते हुए फरीदा जलाल ने टाइम्स फ इंडिया संग बातचीत में कहा- मैं एक चैलेंजिंग रोल ऑफर होने की राह देखती रही, क्योंकि मैं अपना टैलेंट शोकेस करना चाहती थी. अपनी वर्सेटैलिटी को दिखाना चाहती थी. हर बार मुझे मां का रोल-दादी का रोल ही ऑफ हुआ.

## Highlights

1. 28 go missing after cloudburst in Shimla, Mandi; 1 dead body found
2. Video shows 3-storey building getting washed away in Himachal
3. Video shows water leaking inside new Parliament building after heavy rains
4. 3 die of electrocution in Gurugram amid heavy downpour
5. Rajasthan announces free bus travel for women on Rakshabandhan

# Factory activity maintains solid growth in July, PMI shows

**NEW DEIHI, (Agency).** IIndia's manufacturing activity expanded at a solid pace in July thanks to continued robust demand, according to a survey that also showed cost pressures were high as prices charged to clients rose at the steepest rate in over a decade.

Manufacturing accounts for less than one-fifth of the country's economy but in a recent budget the government announced spending plans aimed at boosting the sector, supporting growth in Asia's third-largest economy.

The HSBC final India Manufacturing Purchasing Managers' Index (PMI), compiled by S&P Global, came in at 58.1 last month, little changed from June's 58.3 reading but slightly lower than the preliminary estimate of 58.5.

It has been above the 50-mark separating growth from contraction since July 2021 - the longest expansionary streak in 11



years.

"India's headline manufacturing PMI showed a marginal slowdown in the pace of expansion in July, but with most components remaining at robust levels, the small drop is no cause for concern," noted Pranjul Bhandari, chief India economist at HSBC.

Buoyant domestic demand was underscored by healthy growth in both new orders and output, although the sub-indexes fell slightly from June.

On the other hand, exports rose at the second-fastest pace in 13 years thanks to strengthening international demand from regions such as Asia, Europe, North America and the Middle East.

The outlook for the coming 12 months remained optimistic with firms still taking on additional staff. While the pace of hiring was softer than in June, it showed a sustained positive momentum in job creation since March.

However, high demand pushed up both the input and output price sub-indexes.

# Elon Musk accepts Venezuelan President Nicolas Maduro's fight challenge: 'If I win, he resigns'

**NEW DEIHI, (Agency).** Elon Musk accepted a challenge from Venezuelan President Nicolas Maduro for a televised fight. This came after Nicolas Maduro accused Tesla CEO of orchestrating cyber-attacks on Venezuela's National Electoral Council (CNE) after his recent election victory which has been called into question.

Elon Musk said, "I accept" on his social media platform X (formerly Twitter) after



Nicolas Maduro challenged him over the tech boss' dictator jibe.

Nicolas Maduro said, "Social media creates a virtual reality, and who controls the virtual reality? Our new archenemy, the famous Elon Musk. Do you want to fight? Let's do it. Elon Musk, I'm ready. I'm not afraid of you Elon Musk. Let's fight, wherever you want."

In response, Elon Musk posted a series of tweets, taking jabs at both Nicolas Maduro and Facebook's Mark Zuckerberg. Elon Musk wrote, "Maduro is a big guy himself and probably knows how to fight, so this would be a real fight. Zuck is a little fella, so that would be a short fight lol." He said in another tweet, "If I win, he resigns as dictator of Venezuela. If he wins, I give him a free ride to Mars." Elon Musk has repeatedly called Nicolas Maduro a "dictator" and criticised the Venezuelan elections as a "travesty." Nicolas Maduro hit back saying, "He wants to come here with his guns and an army to invade Venezuela. Elon Musk, good thing you showed your face because we knew you were behind it all!"

क्लिक...

Morari Bapu with Deputy Secretary General Amina J. Mohammed




31st July 2024 - United Nations Headquarters, New York, USA

# रणजीत हनुमान ने बारिश में लगाए छाते



**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर**। रणजीत हनुमान मंदिर में सावन माह के मंगलवार को छतरियों से विशेष श्रृंगार किया गया। इसमें करीब ढाई हजार रंग-बिरंगी छतरियों का इस्तेमाल किया गया। ये छतरियां मंदिर के गर्भगृह, मंडप और परिसर में लगाई गईं। बारिश को देखते हुए गुरुवार को ये छतरियां विदुर नगर के सरकारी स्कूल के बच्चों को बांटी जाएंगी। इसके पूर्व बुधवार को मंदिर परिसर में आने वाले भक्तों में से जरूरतमंद लोगों और बच्चों को छतरियों का वितरण किया गया। उल्लेखनीय है कि इन छतरियों से सजावट में 10 घंटे से ज्यादा समय लगा। भक्त मंडल के 60 से अधिक लोगों ने यह सजावट की। मंदिर के मुख्य पुजारी पं. दीपेश व्यास ने बताया कि इससे पहले कॉपी और स्टेशनरी से मंदिर को सजाया गया था। इन कॉपियों को सरकारी स्कूल के बच्चे और जरूरतमंद छात्र - छात्राओं को बांटा था। उन्होंने बताया कि छतरियों से मंदिर को इसलिए सजाया, ताकि बारिश को देखते हुए इन छतरियों को जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को उपलब्ध कराया जा सकें।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक